Guru Jambheshwar University of Science & technology Hisar.
In news In October 2015

गुजवि के 18 छात्रों की प्लेसमैंट

हिसार, 28 अक्तूबर (का.प्र.): गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के 13 विद्यार्थियों को देश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के 9 विद्यार्थियों का विप्रो में, 4 विद्यार्थियों का आई-गेट में तथा 2 विद्यार्थियों का डैफोडिल में चयन हुआ है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को नवचयनित विद्यार्थियों से मुलाकात की तथा नवचयनित विद्यार्थियों व ट्रेनिंग प्लेसमैंट सैल के निदेशक अंजन कुमार बराल को बधाई दी। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि शिक्षा को रोजगार के साथ जोड़ना समय की मांग है। गुजवि में विद्यार्थियों की प्लेसमैंट की ओर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सर्द व ग्रीष्म अवकाश के दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. एच.सी. गर्ग को ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल में सलाहकार नियुक्त किया गया है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों में सॉफ्ट स्किल व कम्युनिकेशन स्किल को बढ़ाने तथा नेतृत्व के गुणों को विकसित करने के लिए भी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों में विपिन गहलोत, प्रवीन कुमार, गौरव राठी, मनुप्रिया, दीपक कुमार, सृष्टि शर्मा, रजत सेठी, रिशु कुमार, सचिन हुड्डा, कोमल वर्मा, अनुराग वारशने, प्रमोद जाखड़ तथा निशांत हुड्डा शामिल हैं। इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह व कर्मचारी उपस्थित थे।

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के नवचयनित विद्यार्थियों से मुलाकात करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार एवं निदेशक प्लेसमैंट अंजन कुमार बराल।

पंजाब केसरी हिसार 29/10/15